बिहार सरकार



**श्री नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार



**श्री सम्राट चौधरी**
उप मुख्यमंत्री, बिहार



**श्री सुरेन्द्र मेहता**
खेल मंत्री, बिहार



**श्री विजय कुमार सिन्हा**
उप मुख्यमंत्री, बिहार














# वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25

# योजना कार्यक्रम 2025-26

बिहार सरकार

# खेल विभाग

## वार्षिक प्रतिवेदन : 2024-25
## योजना कार्यक्रम : 2025-26

# विभाग—एक परिचय

बिहार राज्य में खेल संस्कृति को सुगम और अनुकूल बनाने, भारत सरकार और राज्य सरकार की खेल नीतियों के अनुसार बिहार राज्य में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित और विकसित करने हेतु कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से अलग "खेल विभाग" (Department of Sports) के गठन की स्वीकृति दिनांक—08.01.2024 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में दी गयी तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या—37 दिनांक—09.01.2024 द्वारा खेल विभाग को अधिसूचित किया गया।

बिहार में खेलों को सुदृढ़ एवं विकसित करने हेतु तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल की पहचान दिलाने के लिए दिनांक—09.01.2024 में ''खेल विभाग'' का स्वतंत्र रूप में गठन किया गया। बिहार को एक नई पहचान दिलाने में ''खेल विभाग''की अहम भूमिका है।

➢ राज्य सरकार निम्नांकित संस्थाओं के माध्यम से खेल के उद्देश्यों को पूरा करता हैः—

- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना
- बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर
- राज्य खेल अकादमी, राजगीर
- पाटलिपुत्रा खेल परिसर, पटना
- उक्त के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा राज्य के प्रमुख स्थलों में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेडियम के निर्माण की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

**09 जनवरी, 2024** बिहार राज्य में "खेल विभाग" (Department of Sports) अस्तित्व में आया। खेल विभाग को निम्नांकित कार्य आवंटित है :—

1. खेल—कूद के विकास से संबंधित सभी कार्य।
2. खिलाड़ियों के कल्याण से संबंधित सभी कार्य।
3. खेल—कूद से संबंधित आधारभूत संरचना से संबंधित सभी कार्य।
4. खेल—कूद विश्वविद्यालय से संबंधित सभी कार्य।
5. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण।
6. सरकार के पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए गठित खेल से संबंधित संस्थाए।
7. खेल से संबंधित राज्य सरकार द्वारा गठित सभी संस्थाए।
8. विभाग से संबंधित अधिनियमों का प्रशासनिक प्रभार।
9. विभागीय भवनों का प्रशासनिक प्रभार।
10. विभाग के अन्तर्गत नियोजित पदाधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति का विनियमन एवं उनकी सेवा शर्त आदि का निर्धारण एवं प्रशासनिक नियंत्रण।

## विभाग का उद्देश्य :

"खेल विभाग" बिहार राज्य का एक महत्वपूर्ण विभाग है, जिसका महत्वपूर्ण उद्देश्य बिहार राज्य में खेल को बढ़ावा देना, राज्य में खेल का बेहतर माहौल बनाना, खेल एवं खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करना, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रौशन करना।

उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु खेल विभाग द्वारा निम्नांकित महत्वपूर्ण कार्यक्रम एवं योजनाएँ संचालित किये जा रहे हैंः—

- **"मेडल लाओ—नौकरी पाओ"** योजना के तहत खिलाड़ियों की उपलब्धि के अनुसार नौकरी प्रदान करना।
- राज्य के युवाओं को बुनियादी खेल सुविधाएँ प्रदान करना।

- राज्य, प्रमंडल, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न खेल विधा एवं आयु वर्ग के अनुसार विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
- गैर–आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र योजना अंतर्गत जिलों में आउटडोर स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम एवं सरकारी विद्यालय के खेल मैदान में प्रशिक्षण प्रदान करना।
- मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत राज्य एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को वैज्ञानिक पद्धति द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करना।
- खेल सम्मान समारोह के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व व पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाना एवं पुरस्कार राशि प्रदान करना।
- राज्य खेल संघों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना ताकि राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिहार के खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़े।
- खिलाड़ी कल्याण कोष के माध्यम से डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग एवं प्रशिक्षण से संबंधित अन्य कोर्स हेतु **आर्थिक** सहायता प्रदान करना।
- खेल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना।
- स्पोर्ट्स इन्जुरी केन्द्र की स्थापना जो लोक नारायण जयप्रकाश हॉस्पीटल, शास्त्रीनगर, पटना में संचालित है इसमें खिलाड़ियो का उचित उपचार कराना।
- राज्य के सभी जिलों में मल्टी जिम, ओपेन जिम एवं खेल उपकरण का अधिष्ठापन किया जाना।
- राज्य में खेल से संबंधित दिवसों का आयोजन कराना।
- राज्य में खेल संघों के अनुरोध के आधार पर राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु राशि उपलब्ध कराना अथवा सहयोग कराना।
- राज्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना।

**विभाग का लक्ष्य :–**

"राज्य में खेल के क्षेत्र में सुविधाएँ प्रदान कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना। बिहार में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देना।




**एशियन हॉकी महिला चैम्पियनशीप 2024 के विजेता भारतीय दल**



68वें राष्ट्रीय विद्यालय खेल साइक्लिंग (रोड) अंडर-14, 17, 19 बालक एवं बालिका चैंपियनशिप 2024-25


68वें राष्ट्रीय विद्यालय खेल फेंसिंग (अंडर-19) बालक एवं बालिका चैंपियनशिप 2024-25


बिहार राज्य ओपन ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024



बिहार के चमकते सितारे




खेल विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर झांकी की प्रस्तुति

# खेल विभाग

**खेल विभाग, बिहार, पटना द्वारा निम्न योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाता है :–**

1. बिहार राज्य में खेल संस्कृति को सुगम और अनुकूल बनाने, अतिरिक्त प्रबंधकीय और तकनीकी क्षमता के रूप में सेवा प्रदान करने, भारत सरकार और राज्य सरकार की खेल नीतियों के अनुसार बिहार राज्य में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित और विकसित करने, राज्य में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों को लागू करने, विभिन्न स्तरों पर खेलकूद प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने, खेल अवसंरचनाओं का रख–रखाव, खेल अकादमी और प्रशिक्षण का बुनियादी ढांचा स्थापित करने, खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों एवं पूर्व खिलाड़ियों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन कराने के प्रयोजनार्थ बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के सुगम संचालन हेतु उपविधि (Memorandum of Society and Rules and Regulations) की स्वीकृति दिनांक–12.12.2022 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में दी गयी।

2. **बिहार खेल विश्वविद्यालय–** ''बिहार खेल विश्वविद्यालय'' की स्थापना की स्वीकृति से शारीरिक शिक्षा, खेल विज्ञान, खेल प्रशिक्षण, खेल प्रबंधन, खेल प्रशासन इत्यादि में खिलाड़ियों/छात्र–छात्राओं की संख्या बढ़ेगी। साथ ही खिलाड़ी/छात्र–छात्राएँ इन पाठ्यक्रमों की ओर ज्यादा प्रेरित होंगे तथा इन विषयों की पढ़ाई के लिए उन्हें बिहार के बाहर नहीं जाना पड़ेगा। समग्र रूप में शारीरिक शिक्षा, खेल विज्ञान, खेल प्रशिक्षण, खेल प्रबंधन, खेल प्रशासन इत्यादि से संबंधित खेल शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर अभिवर्धन किये जाने के उद्देश्यों की पूर्त्ति के प्रयोजनार्थ राज्य में एक **''बिहार खेल विश्वविद्यालय''** की स्थापना की स्वीकृति सरकार द्वारा दिये जाने के उपरांत बिहार खेल विश्वविद्यालय, अधिनियम, 2021 पारित किया जा चुका है। बिहार खेल विश्वविद्यालय के स्थापना व संचालन हेतु विभिन्न कोटि के 31 पदों के सृजन की स्वीकृति दिनांक–08.11.2022 को मंत्रिपरिषद की बैठक में दी गयी है।

   बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में कुलपति, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति की जा चुकी है। बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा विषय संचालन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3. **खेल सम्मान कार्यक्रम/पुरस्कार–** अन्तर्राष्ट्रीय आधिकारिक खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व अथवा पदक प्राप्त करने वाले एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खेल सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाता है।

   वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल ₹7,48,71,126/–(सात करोड़ अड़तालीस लाख इकहत्तर हजार एक सौ छब्बीस रूपये) मात्र की स्वीकृति का 31 अतंर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों, 584 राष्ट्रीय खिलाड़ियों, 21 प्रशिक्षकों, 04 राज्य खेल संघ एवं 04 खेल प्रशासकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया है।

4. **बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना–** बिहार में एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने हेतु बुनियादी स्तर से विशिष्ट स्तर तक के विभिन्न आयु वर्गों के एथलीटों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू किया गया है। इसके अंतर्गत 'दीर्घकालिक एथलीट विकास' के 24 खेल विधाओं में 03 स्तरों पर अर्थात् बुनियादी स्तर (Grassroots) में चयनित 500 खिलाड़ियों को प्रति वर्ष अधिकतम ₹3,00,000/–(तीन लाख रूपये) मात्र प्रति खिलाड़ी, विकासात्मक स्तर (Development) में 200 खिलाड़ियों को प्रति वर्ष अधिकतम ₹5,00,000/–(पाँच लाख रूपये) मात्र प्रति खिलाड़ी और विशिष्ट स्तर (Elite) में 25 खिलाड़ियों को प्रति वर्ष अधिकतम ₹20,00,000/–(बीस लाख रूपये) मात्र प्रति खिलाड़ी को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाता

है। दीर्घकालिक एथलीट विकास के प्रत्येक स्तर पर खिलाड़ियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर भी शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना के तहत् 7,15,00,000/–(सात करोड़ पन्द्रह लाख रूपये) मात्र की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

5. **एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र–** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभाओं (बालक/बालिका) का चयन कर उन्हें वैज्ञानिक तरीके से योजनाबद्ध प्रशिक्षण, पौष्टिक आहार एवं आधुनिक खेल उपकरणों की सुविधा प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जाता है।

6. **खिलाड़ी कल्याण कोष–** राज्य के युवा एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि के आधार पर खिलाड़ी कल्याण कोष योजना के तहत् खेल किट्स, चिकित्सा एवं डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग एवं प्रशिक्षण से संबंधित अन्य कोर्स हेतु सहायक अनुदान प्रदान की जाती है।

7. **मल्टी जिम, ओपेन जिम उपकरण एवं खेल उपकरण–** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत मल्टी जिम, ओपेन जिम उपकरण एवं खेल उपकरणों के अधिष्ठापन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में अबतक 13 जिलों में कुल ₹2,98,44,271/–(दो करोड़ अंठानवे लाख चौवालीस हजार दो सौ इकहत्तर रूपये) मात्र की स्वीकृति दी जा चुकी है।

8. **मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण–** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत राज्य में खेल का वातावरण तैयार करने हेतु खेल अवसंरचना विकसित करने के क्रम में विभिन्न जिलों के अंतर्गत प्रखण्ड स्तर पर स्टेडियम निर्माण हेतु वर्ष 2008–09 से अबतक 374 आउटडोर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृत दी गई है, जिसमें 252 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष प्रक्रियाधीन है।

9. **राज्य स्पोर्ट्स एकेडमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम निर्माण–** राजगीर में राज्य स्पोर्ट्स एकेडमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण हेतु 90 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर **₹** 740.0 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण की अद्यतन स्थिति निम्नवत् हैः–
   - दिनांक 03.03.2025 तक का व्यय ₹566.46 करोड़ रुपये।
   - लगभग 76.46 प्रतिशत कार्य पूर्ण।

10. **राज्य स्पोर्ट्स एकेडमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम हेतु पद सृजन–**नालंदा जिला अंतर्गत राजगीर में निर्माणाधीन राज्य खेल अकादमी एवं अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने, सुगम प्रबंधन, वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुशासन बनाये रखने के साथ–साथ खेल के विकास एवं समन्वय स्थापित करने के लिए राज्य खेल अकादमी एवं अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के विभिन्न कोटि के कुल 81 (एकासी) पदों का सृजन किया गया है। उक्त सृजित पदों की नियमावली बनाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। सृजित पदों की नियमावली बन जाने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा एकेडमी एवं स्टेडियम का सुचारू संचालन किया जा सकेगा।

11. **मोईनुलहक क्रिकेट स्टेडियम, पटना–** राज्य की राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पूर्व से निर्मित मोईनुलहक क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा दीर्घकालीन संरक्षण एवं रख–रखाव हेतु राज्य सरकार द्वारा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सौंपा गया है।

12. **खेल भवन–सह–व्यायामशाला के निर्माण–** खेल विभाग द्वारा राज्य के प्रत्येक जिला में इण्डोर खेलों में प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करने एवं शारीरिक सौरष्ठता के उद्देश्य से अत्याधुनिक मल्टी जिम उपकरण एवं इण्डोर खेलों के लिए आधुनिक खेल उपकरण यथा कुश्ती मैट/ताईक्वाण्डो मैट आदि उपलब्ध कराने एवं प्रशिक्षण देने की योजना है। इस हेतु प्रत्येक जिला में खेल भवन–सह–व्यायामशाला का निर्माण का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में कुल 25 जिलों में खेल भवन–सह–व्यायामशाला का निर्माण कार्य पूर्ण हो

चुका है, शेष 13 जिलों में निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। सभी खेल भवन–सह–व्यायामशाला का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 | स्थल का नाम | जिला | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला मुख्यालय के सूरज नारायण सिंह देवनारायण गुड़मैता उच्च विद्यालय–सह–वाटसन इंटर महाविद्यालय के परिसर | मधुबनी | ₹ 6,61,00,000/– |
| 2. | जिला मुख्यालय के आउटडोर स्टेडियम के परिसर में सड़क के किनारे स्थित खाली भू–खण्ड | सहरसा | ₹ 6,61,00,000/– |
| 3. | जिला मुख्यालय स्थित इण्डोर स्टेडियम, अरवल के परिसर | अरवल | ₹ 6,61,00,000/– |
| 4. | जिला मुख्यालय में अंतर्गत नौडीहा मौजा | जमुई | ₹ 6,61,00,000/– |
| 5. | जिला मुख्यालय अंतर्गत लखरावाँ मौजा | रोहतास | ₹ 6,61,00,000/– |
| 6. | जिला मुख्यालय स्थित इण्डोर स्पोर्ट्स कम्पलेक्स, सिकंदरपुर, मुजफ्फरपुर के बगल में परती जमीन | मुजफ्फरपुर | ₹ 6,61,00,000/– |
| 7. | जिला मुख्यालय अंतर्गत मौजा सनहौली | खगड़िया | ₹ 6,61,00,000/– |
| 8. | जिला मुख्यालय, पूर्णियाँ अंतर्गत मधुबनी, खासमहाल की भूमि | पूर्णियाँ | ₹ 6,61,00,000/– |
| 9. | जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा मिरचाई | कटिहार | ₹ 6,61,00,000/– |
| 10. | जिला मुख्यालय के अंतर्गत अंचल आरा, मौजा पकड़ी | भोजपुर | ₹ 6,61,00,000/– |
| 11. | जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा जयनगर | लखीसराय | ₹ 6,61,00,000/– |
| 12 | जिला मुख्यालय अंतर्गत नवादा मौजा | नवादा | ₹ 6,61,00,000/– |
| 13 | जिला मुख्यालय अंतर्गत ईरकी मौजा | जहानाबाद | ₹ 6,61,00,000/– |
| 14 | जिला मुख्यालय अंतर्गत म्यूनसिपिलिटी मौजा | प.चम्पारण | ₹ 6,61,00,000/– |
| 15 | जिला मुख्यालय अंतर्गत मौजा बसंतपुर | अररिया | ₹ 6,61,00,000/– |
| 16 | जिला मुख्यालय नगर अंचल अंतर्गत मौजा रामपुर | गया | ₹ 6,61,00,000/– |
| 17 | कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छपरा के परिसर में अवस्थित मौजा–दहियॉवा | सारण | ₹ 6,61,00,000/– |
| 18 | जिला मुख्यालय अंतर्गत अंचल–मोतिहारी, मौजा–लुठॉहौ | पू0 चम्पारण | ₹ 6,61,00,000/– |
| 19 | अंचल–शिवहर, थाना नं0–163, शिवहर | शिवहर | ₹ 6,61,00,000/– |
| 20 | जिला मुख्यालय अंतर्गत नगरपालिका, भागलपुर, वार्ड नं0–4, थाना नं0–61 | भागलपुर | ₹ 6,61,00,000/– |
| 21 | जिला मुख्यालय अंतर्गत मौजा–औरंगाबाद, थाना नं0–5660, खाता सं0–83, खेसरासं0–409 | औरंगाबाद | ₹ 6,61,00,000/– |
| 22 | जिला मुख्यालय अंतर्गत अंचल–बांका, नगरपालिका, वार्ड नं0–08, खाता सं0–451, खेसरा सं0–1007 | बाँका | ₹ 6,61,00,000/– |
| 23 | जिला मुख्यालय अन्तर्गत वी0एम0 उच्च विद्यालय–सह–राजकीय इंटर कॉलेज, सिवान, मौजा–महादेवा | सिवान | ₹ 6,61,00,000/– |
| 24 | जिला मुख्यालय किशनगंज अंतर्गत नगरपालिका– किशनगंज, मौजा–खगड़ा, वार्ड न0–06 | किशनगंज | ₹ 6,61,00,000/– |
| 25 | जिला मुख्यालय पटना राजेन्द्र नगर, रा0 बालक उ0 विद्यालय, राजेन्द्र नगर पटना। | पटना | ₹ 6,61,00,000/– |
| 26 | जिला मुख्यालय में स्थित चिन्हित भुमि | बेगुसराय | ₹ 6,61,00,000/– |
| 27 | जिला मुख्यालय गोपालगज | गोपालगंज | ₹10,31,42,000/– |
| 28 | जिला मुख्यालय अंतर्गत गिर्द किला, मुंगेर से सटे खास महल की चिहिन्त् खाली जमीन मौजा | मुंगेर | ₹ 10,31,42,000/– |
| 29 | जिला मुख्यालय सीतामढ़ी के अंतर्गत खासमहल मौजा तलखापुर | सीतामढ़ी | ₹ 10,31,42,000/– |
| 30 | जिला मुख्यालय दरभंगा के अंतर्गत मौजा बहादुरपुर | दरभंगा | ₹ 10,31,42,000/– |
| 31 | जिला मुख्यालय समस्तीपुर के अंतर्गत आर.एस.बी इंटर विद्यालय, मौजा मौसापुर बंगरा | समस्तीपुर | ₹ 10,31,42,000/– |
| 32 | जिला मुख्यालय वैशाली | वैशाली | ₹ 10,31,42,000/– |
| 33 | जिला मुख्यालय बक्सर जिला के अंतर्गत मौजा बक्सर किला के वार्ड नं०–10 | बक्सर | ₹10,94,82,000/– |
| 34 | जिला मुख्यालय शेखपुरा के अंतर्गत मौजा गिरिहिन्डा चौक | शेखपुरा | ₹10,94,82,000/– |
| 35 | जिला मुख्यालय कैमूर के अंतर्गत अंचल भभुआ मौजा बिलारो | कैमूर | ₹10,94,82,000/– |
| 36 | जिला मुख्यालय नालंदा के अंतर्गत मौजा देवीसराय | नालंदा | ₹11,75,80,000/– |
| 37 | जिला मुख्यालय सुपौल के अंतर्गत मौजा गौरबगढ़ | सुपौल | ₹11,79,12,000/– |
| 38 | जिला मुख्यालय मधेपुरा के अंतर्गत मौजा मधेपुरा | मधेपुरा | ₹11,95,58,000/– |

**13.खेल संघों को सहायक अनुदान–** खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन/सहभागिता हेतु राज्य खेल संघों को वित्तीय अनुदान प्रदान करता है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभिन्न खेल संघों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं सहभागिता हेतु कुल 2.00 करोड़ की राशि प्रदान की गयी है।

## 14.खेलो इण्डिया योजना के अंतर्गत राज्य में आधुनिक खेल अवसंरचनाओं का विकास–

### आधुनिक खेल अवसंरचनाओं का विकास

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजना के अंतर्गत राज्यों में आधुनिक खेल अवसंरचनाओं यथा–सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, हॉकी एस्ट्रोटर्फ, बहुउद्देशीय इण्डोर हॉल, तरणताल, फुटबॉल मैदान आदि का निर्माण होना है। अबतक बिहार राज्य के सभी जिलों से कुल 302 खेल अवसंरचनाओं के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसके प्राक्कलन के निर्माण हेतु कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना से अनुरोध किया गया है। जिसके आलोक में कुल 84 योजनाओं के निर्माण से संबंधित राशि ₹645.9102 करोड के Preliminary Project Report उपलब्ध कराया गया है, जिसे प्रशासनिक स्वीकृति हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया गया है।

### Accreditation Centres

राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/राज्य स्पोर्ट्स एकेडमी की सहायता हेतु खेलो इण्डिया योजना के तहत प्रत्येक जिला में Accreditation Centres की स्थापना की जानी है। Accreditation Centres में खेलो इण्डिया एथलीट को प्रषिक्षण, उपकरण, स्पोर्ट्स साईंस स्पोर्ट एथलीट के प्रगति हेतु अधिकतम 08 वर्ष तक उपलब्ध कराया जाता है।

### स्टेट लेवल खेलो इण्डिया सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बिहार राज्य के लिए पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना में एथलेटिक्स, कुष्ती एवं भारोतोलन खेल विधा हेतु Khelo India State Centre of Excellence के रूप में चयन किया गया है।

सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस का संचालन वर्त्तमान में बिहार राज्य खेल अकादमी, राजगीर में किया जा रहा है।

### स्मॉल लेवल सेन्टर

खेलो इंडिया सेन्टर (स्मॉल लेवल) के अन्तर्गत प्रत्येक जिला में एक सेन्टर का निर्माण किया जाना है, जिसका उद्देष्य इच्छुक बच्चों को खेल–कूद का प्रषिक्षण प्रदान करना, Past Champion Athlete को सरकार के बाहर आजीविका का स्थायी स्रोत प्रदान करना है। स्मॉल लेवल सेन्टर की स्थापना सभी जिलों में किया जाना प्रस्तावित है। राज्य के सभी 38 जिलों में सेन्टर की स्वीकृति दी जा चुकी है।

**15.वार्षिक खेल कार्यक्रम के माध्यम विभिन्न स्तर के प्रतियोगिताओं का आयोजन–** राज्य में वार्षिक खेल कार्यक्रम तैयार कर विद्यालय खेलों के लिए तीन आयु वर्गों के स्तरों हेतु 32 खेलो का जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करने राज्य सरकार का निर्णय है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल ₹20,00,00,000/–(बीस करोड़ रूपये) मात्र की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गयी है।

**16. अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन–** बिहार राज्य में एशियन महिला हॉकी चैम्पियनशीप ट्रॉफी–2024 का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया एवं सेपकटाकरा (महिला एवं पुरुष) विश्व कप–2025 का आयोजन वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रस्तावित है, जिसपर कुल राशि ₹13,31,36,000/–की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य में विश्व कप कबड्डी (महिला)–2025, अंडर–20 एशियन रग्बी चैम्पियनशीप ट्रॉफी–2025 (महिला एवं पुरूष), खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2025 एवं एशियन पुरूष हॉकी चैम्पियनशीप ट्रॉफी–2025 का आयोजन किये जाने का कार्यक्रम है।

**17. खेल क्लब का गठन–** राज्य के सभी नगर/ग्राम पंचायतों में खेल का आधारभूत संरचना को विकसित करने तथा खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु ग्राम पंचायतों में खेल क्लबों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त हेतु मंत्रिपरिषद् की दिनांक–20.06.2024 को आहूत बैठक में सैद्धांतिक सहमति प्रदान

की जा चुकी है। जिसके लिए खेल विभाग द्वारा विभागीय संकल्प सं०–798 दिनांक– 25.06.2024 निर्गत किया गया है। ग्राम पंचायतों में खेल क्लब के गठन हेतु व्यक्तिगत श्रेणी में अबतक 9617 तथा खेल क्लब श्रेणी हेतु 9111 आवेदन प्राप्त हुआ है तथा नगर पंचायतों में अबतक कुल व्यक्तिगत श्रेणी में 484 तथा खेल क्लब हेतु 321 आवेदन प्राप्त हुआ है।

18. **पंचायत स्तरीय खेल मैदान का निर्माण–** पंचायत स्तर पर खेल को बढ़ावा देने हेतु बिहार के कुल 8053 ग्राम पंचायतों में से 6702 खेल मैदान का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है।

19. **प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचना के निर्माण–** दिनांक–15.03.2024 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में प्रमंडलीय मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी है। पटना प्रमंडल हेतु 100 एकड़ भूमि एवं अन्य प्रमंडल हेतु 15–20 एकड़ भूमि पर खेल अवसंरचना के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के आलोक में पूर्णियां एवं कोशी प्रमंडल में खेल अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। दरभंगा प्रमंडल हेतु भूमि चिन्हित किया जा चुका है। तिरहुत एवं भागलपुर प्रमंडल में खेल अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि के अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु कार्रवाई की जा रही है। मगध, सारण एवं मुंगेर प्रमंडल में भूमि चिन्हित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। पटना प्रमंडल हेतु 100 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने संबंधी कार्रवाई की जा रही है।



निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर



राज्य खेल अकादमी, राजगीर

20. **माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा–** माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा प्रगति यात्रा के क्रम में की गयी घोषणा के आलोक में निम्नलिखित खेल अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया

## प्रगति यात्रा

| बिहार सरकार<br>खेल विभाग | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रगति यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा की गयी घोषणाओं के आलोक में खेल विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त योजनाओं का विवरण :– | | | | |
| क्र0सं0 | जिला एवं योजना का नाम | घोषणा की तिथि | कुल प्राक्कलित राशि (करोड़ में) | स्वीकृत्यादेश सं0 एवं दिनांक |
| 1. | पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया में स्टेडियम के पुनर्निमाण | 23.12.2024 | 53.9908 | स्वीकृत्यादेश सं0–49, दिनांक–04.02.2025 |
| 2. | खगड़िया जिला के बेलदौर प्रखंड में गाँधी हाई स्कूल मैदान में स्टेडियम का निर्माण | 16.01.2025 | 13.9628 | स्वीकृत्यादेश सं0–43, दिनांक–04.02.2025 |
| 3. | सुपौल जिला में स्टेडियम का निर्माण | 20.01.2025 | 28.7802 | स्वीकृत्यादेश सं0–54, दिनांक–04.02.2025 |
| 4. | सहरसा जिला मुख्यालय के समीप स्टेडियम का निर्माण | 23.01.2025 | 58.2248 | स्वीकृत्यादेश सं0–50, दिनांक–04.02.2025 |
| 5. | पूर्णियाँ जिले के मौजा–मधुबनी के रंगभूमि क्षेत्र में खेल अवसंरचना निर्माण | 28.01.2025 | 41.6825 | स्वीकृत्यादेश सं0–51, दिनांक–04.02.2025 |
| 6. | कटिहार जिला में राजेन्द्र स्टेडियम का निर्माण | 29.01.2025 | 28.0031 | स्वीकृत्यादेश सं0–52, दिनांक–04.02.2025 |
| 7. | भागलपुर जिला के नवगछिया में स्टेडियम का निर्माण | 01.02.2025 | 24.7922 | स्वीकृत्यादेश सं0–53, दिनांक–04.02.2025 |
| 8. | जमुई जिले के सोनपे में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण | 07.02.2025 | 32.5992 | स्वीकृत्यादेश सं0–82, दिनांक–25.02.2025 |
| 9. | जमुई जिला में कुमार सुरेन्द्र सिंह स्टेडियम, गिद्धौर का निर्माण एवं नवीनीकरण | 07.02.2025 | 16.6567 | स्वीकृत्यादेश सं0–68, दिनांक–22.02.2025 |
| 10. | बक्सर जिला के आई0टी0आई0 परिसर में प्रस्तावित स्टेडियम का निर्माण | 15.02.2025 | 43.3814 | स्वीकृत्यादेश सं0–84 दिनांक–25.02.2025 |
| 11. | अरवल जिला के मुन्द्रिका सिंह कॉलेज, मिर्जापुर, किंजर में खेल अवसंरचना का निर्माण | 14.02.2025 | 39.197 | स्वीकृत्यादेश सं0–85, दिनांक–25.02.2025 |
| 12. | जहानाबाद जिलान्तर्गत स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स परिसर में खेल अवसंरचनाओं का निर्माण | 14.02.2025 | 29.9747 | स्वीकृत्यादेश सं0–80, दिनांक–25.02.2025 |
| 13 | औरंगाबाद जिला के देव में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण | 11.02.2025 | 29.4502 | स्वीकृत्यादेश सं0–81, दिनांक–25.02.2025 |
| 14. | कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखण्ड में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण | 18.02.2025 | 37.1115 | स्वीकृत्यादेश सं0–83, दिनांक–25.02.2025 |

**21. मशाल–2024–** राज्य सरकार, बिहार राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खोजने एवं उन्हें खेल के विभिन्न विधाओं में नए अवसर प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य के

सभी सरकारी विद्यालयों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु "मशाल–2024 प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन एवं उन्हें अपने प्रतिभा प्रदर्शित करने हेतु उपयुक्त मंच प्रदान करना है।

उक्त प्रतियोगिता में कुल पाँच विधाओं यथा–अंडर–14, अंडर–16 बालक/बालिका के लिए कुल पाँच खेल विधाओं–एथलेटिक्स (60/600मीटर, 100/800मीटर, लम्बी कूद,) क्रिकेट बॉल थ्रो, साईकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल खेल शामिल है।

मशाल–2024 के आयोजन पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल राशि ₹29,80,03,757/– मात्र की प्रदान करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।



मशाल 2024-25
विश्व की सबसे बड़ी खेल प्रतिभा खोज का उद्घाटन



खेल भवन-सह-व्यायामशाला

# योजना कार्यक्रम
## 2025-2026

# खेल विभाग

## वित्तीय वर्ष 2025–26 का प्रस्तावित कार्य योजना

**उद्देश्यः**

"खेल विभाग" बिहार राज्य का एक महत्वपूर्ण विभाग है, जिसमें खेल–कूद और युवा कार्य प्रोत्साहन हेतु निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ कार्यरत है।

- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को नौकरी दिलाना।
- राज्य के युवाओं को बुनियादी खेल सुविधाएँ प्रदान करना।
- राज्य एवं जिला स्तर पर विभिन्न खेल विधा एवं आयु वर्ग के अनुसार विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
- गैर–आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र योजना अंतर्गत जिलों में आउटडोर स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम एवं सरकारी विद्यालय के खेल मैदान में प्रशिक्षण प्रदान करना।
- मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत राज्य एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को वैज्ञानिक पद्धति द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करना।
- खेल सम्मान समारोह के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व व पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मान एवं पुरस्कार राशि प्रदान करना।
- खिलाड़ी कल्याण कोष के माध्यम से डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग एवं प्रशिक्षण से संबंधित अन्य कोर्स हेतु सहायता प्रदान करना।
- स्पोर्ट्स इन्जुरी केन्द्र की स्थापना लोक नारायण जयप्रकाश हॉस्पीटल, शास्त्रीनगर, पटना में जरूरतमद खिलाड़ियों को उपचार हेतु सुविधा मुहैया कराना।
- राज्य के सभी जिलों में मल्टी जिम, ओपेन जिम एवं खेल उपकरण हेतु राशि दी जाती है।
- राज्य में खेल संघों के अनुरोध के आधार पर राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हेतु राशि उपलब्ध करायी जाती है अथवा सहयोग किया जाता है।
- राजगीर में निर्माणाधीन खेल एकेडमी एवं खेल विश्वविद्यालय का संचालन प्रारंभ करना।
- मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अतंर्गत आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कराना।
- खेल छात्रवृत्ति योजना का लाभ राज्य के खिलाड़ियों को उपलब्ध कराना।
- राज्य के खेल संघों को आर्थिक सहायता प्रदान करना।
- मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत राज्य में शेष बचे एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना एवं गुणवतापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना।
- मोईनुलहक स्टेडियम का पुनर्निर्माण एवं अत्याधुनिक रूप से स्टेडियम का निर्माण कराना।
- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सुगम संचालन हेतु बाईलॉ के अनुसार पदाधिकरियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कराना।
- सरकार के पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए गठित खेल से संबंधित संस्थाए।
- खेल से संबंधित राज्य सरकार द्वारा गठित सभी संस्थाएँ खेल विभाग द्वारा संचालित कराना।
- विभाग से संबंधित अधिनियमों का प्रशासनिक प्रभार।
- विभागीय भवनों का प्रशासनिक प्रभार एवं रख–रखाव एवं संचालन की व्यावस्था करना।
- विभाग के अन्तर्गत नियोजित पदाधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति का विनियमन एवं उनकी सेवा शर्त आदि का निर्धारण एवं प्रशासनिक नियंत्रण।

## खेल विभाग : योजना उद्व्यय : 2025–26

| क्र0 | योजना का नाम (मांग सं०–52) | राशि (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | आओ खेलो एवं विभाग द्वारा अन्य खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन | 15000.00 |
| 2 | खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम | 1500.00 |
| 3 | राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन/सहभागिता/प्रशिक्षण/खेल सम्मान कार्यक्रम/पुरस्कार एवं खिलाड़ी कल्याण कोष हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को अनुदान | 2000.00 |
| 4 | खेल एवं जिम उपकरण | 1000.00 |
| | योग | 19500.00 |
| | **भवन निर्माण विभाग के बजट से संबंधित** (मांग सं०–03) | |
| 5 | पूर्व निर्मित स्टेडियम एवं अन्य संबंधित भवन का जीर्णोद्धार/मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत स्टेडियम का निर्माण/राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स एकेडमी का निर्माण | 32300.00 |
| 6 | खेल अवसरंचना निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण | 5000.00 |
| 7 | खेल अवसंरचना का रख–रखाव एवं मरम्मत | 0.00 |
| | **योग** | 37300.00 |
| | **कुल योग** | **56800.00** |

- **राज्य स्पोर्ट्स एकेडमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम निर्माण–** राजगीर में राज्य स्पोर्ट्स एकेडमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण हेतु 90 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर ₹ 740.0 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण की अद्यतन स्थिति निम्नवत् हैः–
  - दिनांक 03.03.2025 तक का व्यय ₹566.46 करोड़ रुपये।
  - लगभग 76.46 प्रतिशत कार्य पूर्ण।

- **मोईनुलहक क्रिकेट स्टेडियम, पटना–** राज्य की राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पूर्व से निर्मित मोईनुलहक क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा दीर्घकालीन संरक्षण एवं रख–रखाव हेतु राज्य सरकार द्वारा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सौंपा गया है।

- **एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द–** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभाओं (बालक/बालिका) का चयन कर उन्हें वैज्ञानिक, योजनाबद्ध प्रशिक्षण, पौष्टिक आहार एवं आधुनिक खेल उपकरणों की सुविधा प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जाता है। जो वर्तमान में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा संचालन एवं स्थापना का कार्य किया जा रहा है।

- **मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण–** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत राज्य में खेल का वातावरण तैयार करने हेतु खेल अवसंरचना विकसित करने के क्रम में विभिन्न जिलों के अधीन प्रखण्ड स्तर पर स्टेडियम निर्माण हेतु वर्ष 2008–09 से अबतक 374 आउटडोर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृत दी गई है, जिसमें 252 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष प्रक्रियाधीन है।

- **मल्टी जिम, ओपेन जिम उपकरण एवं खेल उपकरण–** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत मल्टी जिम, ओपेन जिम उपकरण एवं खेल उपकरणों का अधिष्ठापन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में

अबतक 13 जिलों में कुल ₹2,98,44,271/–(दो करोड़ अंठानवे लाख चौवालीस हजार दो सौ एकहत्तर रूपये) मात्र की स्वीकृति दी जा चुकी है।

❖ **बिहार खेल सम्मान समारोह–** अन्तर्राष्ट्रीय आधिकारिक खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व अथवा पदक प्राप्त करने वाले एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले सामान्य एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खेल सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल ₹7,48,71,126/–(सात करोड़ अड़तालीस लाख एकहत्तर हजार एक सौ छब्बीस रूपये) मात्र की स्वीकृति 31 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों, 584 राष्ट्रीय खिलाड़ियों, 21 प्रशिक्षकों, 04 राज्य खेल संघ एवं 04 खेल प्रशासकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया है।

❖ **खिलाड़ी कल्याण कोष–** राज्य के युवा एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि के आधार पर खिलाड़ी कल्याण कोष योजना के तहत् खेल किट्स, चिकित्सा एवं डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग एवं प्रशिक्षण से संबंधित अन्य कोर्स हेतु सहायक अनुदान प्रदान की जाती है।

❖ **खेल संघों को सहायक अनुदान–** आधिकारिक राज्य/राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन/सहभागिता हेतु राज्य खेल संघों को अनुदान राशि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

❖ **खेल छात्रवृत्ति योजना–** बिहार में एक मजबूत खेल परिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने हेतु बुनियादी स्तर से विशिष्ट स्तर तक के विभिन्न आयु वर्गों के एथलीटों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू किया गया है। इसके अंतर्गत 'दीर्घकालिक एथलीट विकास' के 24 खेल विधाओं में 03 स्तरों पर अर्थात् बुनियादी स्तर (Grassroots) में चयनित 500 खिलाड़ियों को प्रति वर्ष अधिकतम ₹3,00,000/–(तीन लाख रूपये) मात्र प्रति खिलाड़ी, विकासात्मक स्तर (Development) में 200 खिलाड़ियों को प्रति वर्ष अधिकतम ₹5,00,000/–(पाँच लाख रूपये) मात्र प्रति खिलाड़ी और विशिष्ट स्तर (Elite) में 25 खिलाड़ियों को प्रति वर्ष अधिकतम ₹20,00,000/–(बीस लाख रूपये) मात्र प्रति खिलाड़ी को वित्तीय सहायता से संबंधित है। दीर्घकालिक एथलीट विकास के प्रत्येक स्तर पर खिलाड़ियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर भी शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना के तहत् 7,15,00,000/–(सात करोड़ पन्द्रह लाख रूपये) मात्र की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

❖ **खेलो इण्डिया योजना के अंतर्गत राज्य में आधुनिक खेल अवसंरचनाओं तथा स्मॉल लेवल सेन्टर का अधीष्ठापन एवं विकास–** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की खेलों इण्डिया योजना के अंतर्गत राज्यों में आधुनिक खेल अवसंरचनाओं यथा–सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, हॉकी एस्ट्रोटर्फ, बहुउद्देशीय इण्डोर हॉल, तरणताल, फुटबॉल मैदान आदि का निर्माण होना है। अबतक बिहार राज्य के सभी जिलों से कुल 302 खेल अवसंरचनाओं के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसके प्राक्कलन के निर्माण हेतु कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना से अनुरोध किया गया है। जिसके आलोक में कुल 84 योजनाओं के निर्माण से संबंधित का Preliminary Project Report उपलब्ध कराया गया है, जिसे प्रशासनिक स्वीकृति हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया गया है।

❖ **खेल भवन–सह–व्यायामशाला का निर्माण–** खेल विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय रूप में जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय एवं जिलों में प्रतिस्पर्द्धात्मक इण्डोर खेलों में प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करने एवं शारीरिक सौरष्ठता के लिए अत्याधुनिक मल्टी जिम उपकरण एवं इण्डोर खेलों के आधुनिक खेल उपकरण आदि उपलब्ध कराते हुए प्रशिक्षण देने की योजना है। खेल भवन निर्माण हेतु **बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड** द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। शेष जिलों में खेल भवन–सह–व्यायामशााला भवन का निर्माण किया जाना है।

# खेल विभाग (मांग सं0–52)

## वित्तीय वर्ष 2025–26 में बजट में प्रावधानित उपबंध

### स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत उपबंधित राशि

| (राशि रूपये लाख में) |
|---|
| 1. 52–2251–00–090–0031– खेल विभाग (मुख्यालय) |
| उपबंधित राशि–1888.47 |
| 2. 52–2204–00–104–0012– बिहार राज्य खेल प्राधिकरण |
| उपबंधित राशि–1103.36 |
| 3. 52–2204–00–104–0011– खेल कूद (जिला खेल कार्यालय) |
| उपबंधित राशि–1493.83 |
| 4. 52–2204–00–101–0002– शारीरिक शिक्षा (उपाधीक्षक) |
| उपबंधित राशि–876.640 |
| 5. 52–2202–03–102–0033– बिहार खेल विश्वविद्यालय (राजगीर) |
| उपबंधित राशि– 338.07 |
| 6. 52–2204–00–104–0013– राज्य खेल अकादमी (राजगीर) |
| उपबंधित राशि–0.00 |

* अनुमानित

### राज्य स्कीम

| |
|---|
| 1. 52–2204–00–104–0109– खेल कूद |
| उपबंधित राशि–19500.00 |